रजिस्ट्री सं० डी० (डी०एन०)-127
REGISTERED NO. D (D.N.) 127

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 38] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 10, 1991/भाद्र 19, 1913
No. 38] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 10, 1991/BHADRA 19, 1913

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

दि इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सेक्रेटरीज आफ इण्डिया

(कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत गठित)

नई दिल्ली, 10 सितम्बर, 1991

फाइल सं 104/19/एकाएक्टस, 31 मार्च, 1991 को समाप्त वर्ष की दि इंस्टीटयूट आफ कम्पनी सेक्रेटरीज आफ इण्डिया की परिषद की ग्यारहवी वार्षिक रिपोर्ट।

1. प्रस्तावना :

कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 18(5) के अनुसरण में दि इंस्टीटुयट आफ कम्पनी सेक्रेटरीज आफ इण्डिया की परिषद की 31 मार्च, 1991 को समाप्त वर्ष की ग्यारहवी वार्षिक रिपोर्ट और इस अवधि के लेखों के लेखापरीक्षित विवरण तथा उन पर इंस्टीट्यूट के कामकाज की लेखा परीक्षक रिपोर्ट सहर्ष प्रकाशित करती है। उक्त वर्ष की समाप्ति से रिपोर्ट की तारीख तक हुई इंस्टीट्यूट की महत्वपूर्ण गतिविधियों को भी शामिल किया गया है।

2. नई घटनाएं :

2.1 पिछले वर्ष मणिपुर औद्योगिक विकास निगम लि. और असम औद्योगिक विकास निगम लि. ने अपनी सभी सहायक कम्पनियों मे सचिवीय लेखापरीक्षा आरम्भ करने का निर्णय लिया था। पंजाब राज्य औद्योगिक विकास निगम लि. ने रोजगार या प्रेक्टिस के लिए कम्पनी सचिवो की सेवाओं का उपयोग करने के लिए अपनी सहायक कम्पनियों को सिफारिश की है। महाराष्ट्र राज्य वित्त निगम ने अपनी उन सहायक कम्पनियों में जिनकी प्रदत्त पूंजी 25 लाख रुपए से कम है सचिवीय लेखापरीक्षा कराने का सुझाव दिया है। हाल ही मे, गुजरात औद्योगिक निवेश निगम लि. ने भी अपनी सहायक कम्पनियों में सचिवीय लेखापरीक्षा का अनुमोदन कर दिया है। इस बारे में इसी प्रकार के अभ्यावेदन हरियाणा राज्य वित्त निगम लि., राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास और निवेश निगम लि., आंध्र प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम लि., तमिलनाडु औद्योगिक विकास निगम लि., पाण्डिचेरी औद्योगिक विकास तथा निवेश निगम लि., तमिलनाडु राज्य उद्योग सवर्धन निगम लि. और अन्य कई औद्योगिक विकास और निवेश संस्थानो को भी भेजे गए हैं।

2.2 छोटी कम्पनियों में व्यावसायिक अनुशासन लाने और साथ ही इस बात को ध्यान में रखते हुए कि ये कम्पनियां कानून की अनभिज्ञता या व्यावसायिक विशेषज्ञता अथवा समर्थन के कारण कम्पनी अधिनियम के उपबन्धों के अनजाने में ही अनुपालन न करने के परिणामो से बची रहे, इंस्टीटयूट ने अपने प्रयास जारी रखे और कम्पनी कार्य

विभाग को एक टिप्पणी नोट भेजा है, जिसमें सुझाव दिया गया है कि कम्पनी अधिनियम 1956 में संशोधन करके छोटी कम्पनियों में पूर्ण-कालिक प्रेक्टिसरत सचिव द्वारा सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट की शुरुआत की जाए। इस प्रकार सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट का शुभारम्भ होने से कम्पनी सचिवों के लिए प्रेक्टिस करने का एक अच्छा क्षेत्र प्राप्त होने में सफलता मिलेगी। विभाग के अनुरोध पर तथा विभाग द्वारा कार्पोरेट प्रबन्ध के व्यावसायीकरण के बारे में पाये सुझावों पर विचार करने की इच्छा से प्रोत्साहित होकर हमने कार्पोरेट प्रबन्ध में व्यावसायिक व्यक्तियों की भूमिका को प्रोत्साहन प्रदान करने के बारे में एक अभ्यावेदन तैयार किया थे। सरकार ने अब निर्णय लिया है कि ऐसी सभी विवरणियां, जो कम्पनियों के रजिस्ट्रार के पास दाखिल करनी होती है, यदि प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों द्वारा सही प्रमाणित कर दी गई हो तो उन्हें यथा शीघ्र, लगभग 10 दिन के अन्दर, रिकार्ड में लिया जाए।

2.3 इस वर्ष की रिपोर्ट के दौरान श्रीलंका, मारीशस, यूनाइटेड किंगडम, सिंगापुर और अन्य देशों को पत्र भेजे गए हैं कि वे अपने कानूनों के अधीन कम्पनी सचिवों की नियुक्ति के लिए आई सी एस आई की सदस्यता को मान्यता प्रदान करें।

2.4 यह बड़े संतोष की बात है कि भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और औद्योगिक तथा वित्तीय पुनर्निर्माण के बोर्ड ने इंस्टीट्यूट के इस अनुरोध पर विचार करने के लिए अपनी सहमति प्रदान कर दी है कि उनके द्वारा सहायता प्राप्त कम्पनियों के बोर्डों में इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ सदस्यों को नामजद किया जाए।

3. परिषद :

3.1 अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

1 जनवरी 1991 को परिषद की बैठक में श्री डी. सी. जैन ने अध्यक्ष का पद छोड़ दिया। 1 जनवरी 1991 से एक वर्ष के लिए श्री एन.जे. एन. जवाहरदार को अध्यक्ष और श्री डी.के. प्रह्लाद राव को उपाध्यक्ष चुना गया। इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष के रूप में श्री डी.सी. जैन द्वारा की गई मूल्यवान सेवाओं के लिए परिषद ने उनकी सराहना की।

3.2 संरचना

केन्द्रीय सरकार ने परिषद में सरकारी नामितो के रूप में श्री वी.के. मजोतरा के स्थान पर कम्पनी कार्य विभाग में संयुक्त सचिव सुधा पिल्लई को 4 जून 1991 से नियुक्त किया है। परिषद के अन्य सभी सदस्य इस रिपोर्ट की तारीख तक अपने पद पर कार्य करते रहे हैं। परिषद में सरकारी नामिती के रूप में श्री वी.के. मजोतरा द्वारा की गई मूल्यवान सेवाओं के लिए परिषद उनकी सराहना करती है।

3.3 परिषद की बैठकें

परिषद ने इस वर्ष में छः बैठकें रखीं।

3.4 परिषद की समितियां आदि

परिषद ने तीन स्थायी और पांच अन्य समितियां गठित कीं। इसके अलावा परिषद ने अपनी सहायता के लिए विभिन्न विशेषज्ञ-ग्रुप और सलाहकार बोर्ड गठित किए। इनकी संरचना रिपोर्ट के परिशिष्ट 'क' में दी गई है।

4 क्षेत्रीय परिषदें और शाखाएं :

4.1 क्षेत्रीय परिषदें

परिषद द्वारा अपने कार्यों में सहायता के लिए गठित चार क्षेत्रीय परिषदों में इस वर्ष सुचारु रूप से काम चलता रहा। इन परिषदों ने सम्मेलन, सेमिनार और बैठकें आयोजित की, विद्यार्थियों के लिए मौखिक शिक्षण और सचिवीय माड्यूलर परामर्श, नियमित रूप से समाचार बुलेटिनों के प्रकाशन तथा अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली शाखाओं को सहायता प्रदान करने जैसी सेवाओं को सम्पन्न किया। क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं की गतिविधियां इनके 'न्यूजलैटरों' और चार्टर्ड सैक्रेटरी में नियमित रूप से प्रकाशित होती रही है। 31 मार्च 1991 को प्रत्येक क्षेत्र में अलग-अलग क्षेत्रीय परिषदों की आरक्षण निधि और अधिशेष तथा इनके सदस्यों और विद्यार्थियों की संख्या की स्थिति इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ख' में दी गई है।

4.2 शाखाएं

चार क्षेत्रीय परिषदों के क्षेत्राधिकार के अधीन गठित 34 शाखाओं ने विद्यार्थियों की शिक्षा और प्रशिक्षण तथा सदस्यों के व्यावसायिक विकास सम्बन्धी स्थानीय गतिविधियां आयोजित कीं।

4.3 सर्वश्रेष्ठ शाखा पुरस्कारों का वितरण

11 अप्रैल 1991 को नई दिल्ली में अशोक होटल में 19वें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर औद्योगिक विकास और कम्पनी कार्य विभाग के सचिव श्री सुरेश माथुर ने 1989-90 के लिए निम्नलिखित सर्वश्रेष्ठ शाखा पुरस्कार वितरित किए :–

(1) सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय शाखा पुरस्कार	जयपुर (उत्तर)
(2) सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय शाखा पुरस्कार	
(क) पूर्वी क्षेत्र	गुवाहाटी
(ख) उत्तरी क्षेत्र	जयपुर
(ग) दक्षिणी क्षेत्र	तिरुवनन्तपुरम
(घ) पश्चिमी क्षेत्र	पुणे

5. सचिवालय :

विद्यार्थियों और सदस्यों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए सचिवालय की कार्यकुशलता और प्रभावकारिता को बनाने की दृष्टि से संगठन संरचना में फेरबदल किया गया। इंस्टीट्यूट के कार्यकलापों के कम्प्यूटरीकरण की दिशा में भी शुरूआत की गई है।

6. सदस्य :

6.1 सदस्यता

इस वर्ष 640 व्यक्तियों को एसोसिएट सदस्य और 139 एसोसिएट सदस्यों को फैलो सदस्यों के रूप में प्रवेश दिया गया। 31 मार्च 1991 को इंस्टीट्यूट के रजिस्टर में 7823 सदस्य दर्ज थे, जिनमें 6095 एसोसिएट तथा 1728 फैलो सदस्य थे। 31 मार्च 1991 को विदेश में रहने वाले सदस्यों की संख्या 173 थी। समीक्षाधीन वर्ष में वार्षिक फीस की अदायगी न करने, मृत्यु अथवा त्यागपत्र देने के कारण 129 सदस्यों (21 फैलो और 108 एसोसिएट सदस्य) के नाम रजिस्टर में से काट दिए गए।

6.2 सदस्यों में वृद्धि

सदस्यों में वृद्धि तथा प्रैक्टिस प्रमाणपत्रधारी सदस्यों से संबंधित आंकड़े इस रिपोर्ट की तालिका परिशिष्ट 'ग' में दिए गए हैं।

6.3 सदस्यों की सूची

नियम 161 के साथ पठनीय कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 (विनियम) की धारा 19(3) के अनुसरण में 1 अप्रैल 1991 को सदस्यों की एक पूरी सूची प्रकाशित कर दी गई है जो सदस्यों को उनके अनुरोध पर उपलब्ध की जाएगी।

6.4 प्रैक्टिस प्रमाणपत्र

इस वर्ष 135 सदस्यों को प्रैक्टिस के लिए प्रमाणपत्र जारी किए गए। वर्ष के अन्त में 1188 सदस[illegible] प्रैक्टिस प्रमाणपत्र थे,

जबकि 31 मार्च 1990 को यह संख्या 1225 थी। सदस्यों की संख्या में इस थोड़ी सी कमी आने का मुख्य कारण विनियम 168 के अधीन ऐसे सदस्यों द्वारा प्रमाणपत्र नवीकरण न कराना है, जो अन्य किसी कार्य/व्यवसाय में लगे हुए हैं। 216 सदस्यों के प्रमाणपत्र वार्षिक फीस न देने, मृत्यु, प्रमाणपत्र वापस कर देने या अन्य कारणों से अयोग्य हो जाने के कारण रद्द कर दिए गए।

परिषद इस बात पर काफी समय से विचार कर रही थी कि इस व्यवसाय को एक स्वतंत्र पहचान और प्रतिष्ठा प्रदान की जाए और पूर्णकालिक प्रैक्टिसरत कम्पनी सचिव की संकल्पना पर बल दिया जाए, क्योंकि अब इस संकल्पना को कानूनी मान्यता तक प्राप्त हो गई है। यह आवश्यकता व्यवसाय की वर्तमान प्रतिष्ठा के कारण तथा लगातार इस व्यवसाय की जो मान्यता प्राप्त होती जा रही है, उसके साथ ही साथ व्यवसाय के प्रैक्टिस वाले पक्ष के विकास के कारण पैदा हुई। यह आवश्यकता इसलिए भी पड़ी, क्योंकि सचिवीय लेखापरीक्षा को अधिकाधिक स्वीकार किया जा रहा है और महसूस किया जा रहा है कि यदि प्रैक्टिसरत कम्पनी सचिवों को स्वतंत्र प्रतिष्ठा बनाई जा सके तो व्यवसाय को समुचित रूप से विनियमित किया जा सकता है। परिषद ने तय किया है कि 1 जून 1991 से उन सदस्यों को प्रैक्टिस प्रमाणपत्र जारी न किए जाएं जो नौकरी कर रहे हों। नौकरी कर रहे जिन सदस्यों को पहले ही प्रैक्टिस प्रमाणपत्र जारी किए जा चुके हैं, उनका नवीकरण 31 मार्च 1992 के बाद नहीं किया जाएगा, यदि ये सदस्य नौकरी में बने रहते हैं।

7. व्यावसायिक विकास और अनवरत शिक्षा कार्यक्रम :

7.1 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इंस्टीट्यूट ने अपने सदस्यों के व्यावसायिक विकास के लिए प्रयास जारी रखे। छः कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका ब्यौरा इस रिपोर्ट के परिशिष्ट "घ" में दिया गया है। इंस्टीट्यूट ने पी. एच. डी. चैम्बर आफ कामर्स एंड इण्डस्ट्री द्वारा एस एस आई सैक्टर के भावी उद्यमियों के लिए आयोजित छः प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ भी अपने को सम्बद्ध किया।

7.2 कम्पनी सचिव का रेखाचित्र प्रस्तुत करने के लिए 30 मिनट की एक वीडियो फिल्म तैयार की जा रही है जिसमें इस व्यवसाय की भूमिका, संगति और उपयोगिता को प्रमुख रूप से दर्शाया गया है ताकि लघु उद्यमियों सहित सभी भावी नियोक्ता/उपयोक्ता संगठन इससे लाभ उठा सकें। अनुमान है कि यह वीडियो फिल्म एक लाख रुपयों की लागत से तैयार होगी, इसे मोदी रबड़ लि. और मोदी जेरोक्स लि. ने प्रायोजित किया है।

8. प्रकाशन

8.1 चार्टर्ड सेक्रेटरी

इंस्टीट्यूट की प्रतिष्ठित मासिक पत्रिका 'चार्टर्ड सेक्रेटरी' को इससे प्रतिरूपण और गुणवत्ता के लिए लगातार प्रशंसा प्राप्त होती रही है। और इसलिए भी कि इसमें सरकारी अधिसूचनाएं, कानूनी फैसलों और लेखों सहित आवश्यक सूचना शीघ्रातिशीघ्र दी जाती रही। मई 1990 में पहले की तरह केन्द्रीय बजट पर एक विशेषांक निकाला गया। चार्टर्ड सेक्रेटरी के पाठकों की संख्या 50,000 है और यह सदस्यों तथा कम्पनी एक्जीक्यूटिवों के बीच सम्प्रेषण का प्रभावशाली माध्यम है; यह पत्रिका उनके व्यावसायिक ज्ञान को अद्यतन करने में सहायक होती है। पहले की तरह इस वर्ष 11 अप्रैल 1991 को आयोजित 19वें राष्ट्रीय कम्पनी सचिव सम्मेलन के उद्घाटन अधिवेशन में औद्योगिक विकास तथा कम्पनी कार्य विभाग के सचिव श्री सुरेश माथुर ने चार्टर्ड सेक्रेटरी (1990) की 20 जिल्दों में प्रकाशित लेखों में से विधि, प्रबन्ध, और लेखा पद्धति विधाओं में पाए गए सर्वोत्तम लेखों के लेखकों को नकद पुरस्कार दिए।

8.2 मार्गदर्शी नोट्स

इस व्यवसाय के प्रैक्टिस पक्ष के विकास के कारण व्यावसायिक आचरण और नैतिकता के स्तर को सर्वोच्च बनाए रखने की महत्ता और भी बढ़ गई है। वस्तुतः प्रैक्टिसरत कम्पनी सचिव इस व्यवसाय के दूत हैं इसलिए उनके व्यावसायिक उत्तरदायित्वों के कुशल निर्वाह के लिए निम्नलिखित मार्गदर्शी नोट्स को प्रकाशन के लिए अन्तिम रूप दिया गया है :—

(क) सचिवीय लेखा परीक्षा;

(ख) प्रभारों से संबंधित मामलों का प्रमाणीकरण,

(ग) कम्पनी रजिस्ट्रार के पास फाईल किए जाने वाले अन्य फार्मों का प्रमाणीकरण।

8.3 कम्पनी सचिवीय प्रैक्टिस की हस्त पुस्तिका

खुले पन्नों वाली कम्पनी सेक्रेटरीज हैण्डबुक का कार्य चल रहा है; इसमें मूल विधि और व्यावहारिक टिप्पणियां दोनों को शामिल करने का इरादा है तथा यह कम्पनी ला के विभिन्न पहलुओं और उद्योग (विकास और विनियम) अधिनियम; पूंजी निर्गम (नियंत्रण) अधिनियम, प्रतिभूति संविदा (विनियम) अधिनियम; विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम; आयकर अधिनियम और एम आर टी पी अधिनियम के सम्बन्धित प्रावधानों पर एक प्रामाणिक संदर्भ हस्तपुस्तिका का काम करेगी।

8.4 निवेशकर्ताओं के लिए मार्गदर्शी माला

शेयरों के अंतरण के विधि और प्रक्रिया सम्बन्धी पहलुओं और मियादी जमाकर्ताओं के अधिकारों के बारे में साधारण निवेशकर्ता को शिक्षित करने के उद्देश्य से इंस्टीट्यूट के अध्ययन, अनुसंधान और प्रकाशन निदेशालय ने दो पुस्तिकाएं तैयार की और इस समीक्षाधीन वर्ष में दिल्ली स्टाक एक्सचेंज ने इन्हें प्रकाशित किया :—

(क) लॉ एंड प्रोसीजर फार ट्रांसफर आफ शेयर्स लिमिटेड आन ए रिकोग्नाईज्ड स्टाक एक्सचेंज; और

(ख) लॉ एंड प्रोसीजर फार कम्पलायंस रीपेमेंट आफ कम्पनी फिक्स्ड डिपाजिट्स।

इस माला की तीसरी पुस्तिका "इंवेस्टमेंट डिसीजन मेकिंग बाई ए ले इंवेस्टर" भी प्रकाशन के लिए तैयार है।

8.5 अन्य प्रकाशन

"दि रिवर्स स्टडीज आन एनुअल रिपोर्टस आफ कम्पनीज" मुद्रणाधीन है।

"लेखापरीक्षकों की योग्यताएं और निदेशक की रिपोर्ट में उनके उत्तर" तथा "बोर्ड में सचिव की सहभागिता" जैसे विषयों पर अनुसंधान का काम किया जा रहा है।

9. विशेषज्ञ सलाहकार ग्रुप :—

कम्पनी लॉ प्रैक्टिस और सचिवीय प्रैक्टिस की जटिल समस्याओं पर सदस्यों को विशेष सलाह प्रदान करने के लिए भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस पी. एन. भगवती की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ सलाहकार ग्रुप ने इस वर्ष अपना कार्य करना आरम्भ कर दिया।

10. रोजगार के अवसर :

10.1 इंस्टीट्यूट चैम्बर्स आफ कामर्स, ब्यूरो आफ पब्लिक एंटरप्राईजेज और अन्य संस्थाओं के माध्यम से अपने सदस्यों द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका का प्रचार करने का अपना प्रयास जारी रखे है। इंस्टीट्यूट बैंकिंग विभाग के साथ भी अपना प्रयास जारी रख रही है। हमारे कहने पर नियंत्रक और महालेखापरीक्षक ने अब अपने उन कर्मचारियों को नकद राशि देकर प्रोत्साहन देने का निर्णय किया है जो कम्पनी सेक्रेटरीशिप परीक्षा उत्तीर्ण कर लेते हैं। इंस्टीट्यूट इसकी क्षेत्रीय परिषदें और

शाखाएं रोजगार सेवा योजना के अंतर्गत कम्पनियों को नौकरी के लिए सदस्यों की सूची भेज कर रोजगार सेवाएं प्रदान करने का काम जारी रखे हैं। इस वर्ष इंस्टीट्यूट द्वारा रोजगार सेवा योजना के अंतर्गत रखी गई उम्मीदवारों की सूची में से 101 कम्पनियों ने उपयुक्त उम्मीदवारों की सूची प्राप्त करने की सुविधा का लाभ उठाया। कम्पनियों को 'चार्टर्ड सेक्रेटरी' में विज्ञापन देने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, ताकि उन्हें कहीं अधिक उम्मीदवारों से उत्तर मिल सकें।

10.2 कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 383क में 1988 में किए गए संशोधन के अनुसार इस धारा से मुद्रा सम्बन्धी सीमाएं हटा दी गई थीं और सरकार को मुद्रा सम्बन्धी सीमाएं निर्धारित करने का अधिकार प्रदान कर दिया गया था; इस संशोधन के अनुसरण में व्यापार और उद्योग वर्ग लगातार मुद्रा सीमा को बढ़ाने के लिए दबाव डालता रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि इंस्टीट्यूट का गठन कोर्पोरेट प्रबंध के व्यावसायीकरण के लिए संसद द्वारा पारित अधिनियम के अंतर्गत हुआ था और यह भी कि कम्पनी कार्य विभाग, भारत सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार 31 मार्च 1991 को ऐसी कम्पनियों की संख्या केवल 4200 थी, जिनकी शेयर पूंजी 50 लाख रुपए या इससे अधिक है, जबकि जुलाई 1991 में इंस्टीट्यूट के रजिस्टरों में 8000 सदस्य पंजीकृत है, परिषद् ने सरकार को एक नोट भेजा है, जिसमें अनुरोध किया है कि मुद्रा सम्बन्धी अधिकतम सीमा को अधिनियम में ही शामिल कर दिया जाए और प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों की सेवाएं ऐसी छोटी कम्पनियों के लिए भी इस्तेमाल की जाएं, जिनमें पूर्णकालिक सचिव नियुक्त करना आवश्यक नहीं है।

11. व्यवसाय की मान्यता :

इस समीक्षा वर्ष के दौरान प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों के लिए निम्नलिखित मान्यताएं प्राप्त की गई हैं :—

(क) कम्पनी अधिनियम, 1956 के अधीन कम्पनियों द्वारा कम्पनियों के रजिस्ट्रार को फाइल किए जाने वाले दस्तावेजों का प्रमाणीकरण ताकि इन दस्तावेजों को रजिस्ट्रार अपने रिकार्ड में लगभग 10 दिनों की युक्तियुक्त अवधि में अपने रिकार्ड में ले ले।

(ख) पूंजी निर्गम (पूंजीकरण की छूट) आदेश, 1991 के अधीन प्रमाणित करना कि जो कम्पनी पूंजी निर्गम (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 की धारा 3 के अन्तर्गत एक करोड़ रुपए तक के बोनस निर्गमों के लिए छूट का दावा पेश कर रही है, उसने आदेश के प्रावधानों का अनुपालन किया है।

(ग) राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा प्रभारों से संबंधित दस्तावेजों का प्रमाणीकरण के कार्य का आवटन; इनमें विजय बैंक, बैंक आफ इंडिया, केनरा बैंक, युनाइटेड बैंक आफ इंडिया, इण्डियन बैंक शामिल हैं।

(घ) कम्पनी और इसके निवेशकों के करार करने की शक्तियां, ऋण सीमा, सदस्यों की सूची, पाण्डिचेरी और औद्योगिक सवर्धन विकास और निवेश निगम लि. द्वारा पूंजी निर्गम (छूट) आदेश, 1969 के अधीन प्रस्तावित ऋणों की छूट, संकल्प आदि के बारे में प्रमाणीकरण।

12. उन्नीसवां राष्ट्रीय सम्मेलन :

"औद्योगिक विकास के लिए रणनीतियां" विषय पर कम्पनी सचिवों का उन्नीसवां राष्ट्रीय सम्मेलन अशोक होटल, नई दिल्ली में 11 से 13 अप्रैल, 1991 तक हुआ। देश के विभिन्न भागों से लगभग 600 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पाकिस्तान से भी प्रतिनिधि आमन्त्रित किए गए थे। सम्मेलन का उद्घाटन भारत सरकार के औद्योगिक विकास तथा कम्पनी कार्य विभाग के सचिव श्री सुरेश माथुर ने किया। प्रख्यात उद्योगपति श्री हरिशंकर सिंघानिया ने मुख्य भाषण दिया। तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता और भाषणकर्ताओं में विख्यात विद्वान एन. मोहन्ती, सचिव, कार्मिक पेंशन तथा शिकायत मंत्रालय, बंसीधर, अध्यक्ष, डी सी एम – श्रीराम इंडस्ट्रियल एंटरप्राइजेज, जी. वी. जी. कृष्णामूर्ति, सदस्य, विधि आयोग और विश्वविख्यात कार्टूनिस्ट आर. के. लक्ष्मण शामिल थे। समापन भाषण कम्पनी लॉ बोर्ड के अध्यक्ष श्री एस. पी. उपासनी ने दिया।

13. कम्पनी अधिनियम, 1956 का पुनः संहिताकरण :

इंस्टीट्यूट ने कंपनी अधिनियम, 1956 के पुनः संहिताकरण विषय पर एक कार्यशाला 14 अप्रैल, 1991 को आयोजित की, जिसमें विभाग, इंस्टीट्यूट के सदस्यों और अन्य व्यावसायिक संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों एस. ई. बी. आई. चैम्बर्स आफ कामर्स एंड ट्रेड एसोसिएशनों ने निम्नलिखित प्रमुख मामलों से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझावों पर विचार विमर्श किया :

(क) कम्पनियों का रजिस्ट्रेशन और इससे संबंधित मामले

(ख) कम्पनियों का प्रबन्ध और प्रशासन; तथा

(ग) निवेशकर्ताओं का संरक्षण और इससे संबंधित मामले।

कम्पनी कार्य विभाग को इस कार्यशाला की रिपोर्ट विचारार्थ और आगे की कार्रवाई के लिए भेज दी गई है।

14. परिप्रेक्ष्य योजना :

इस वर्ष के दौरान इंस्टीट्यूट के भूतपूर्व अध्यक्ष श्री सी. आर. शाह की अध्यक्षता में गठित परिप्रेक्ष्य योजना ग्रुप ने अपनी रिपोर्ट दे दी, जिसमें अगले दस वर्षों में इंस्टीट्यूट के लिए भलीभांति तैयार की गई योजना का स्वरूप दिया गया है। परिप्रेक्ष्य योजना की प्रमुख विशेषताएं क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं के अध्यक्षों को उनके विचार जानने के लिए परिचालित की गई; इसे 19वें राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रतिनिधियों को भी दिया गया ताकि वे सम्मेलन के खुले अधिवेशन में अपने सुझाव दे सकें। परिप्रेक्ष्य योजना का सारांश चार्टर्ड सेक्रेटरी के मई 1991 में भी प्रकाशित किया गया जिससे सदस्यगण अपनी टिप्पणियां और सुझाव दे सकें। परिषद ने सिद्धान्त रूप में रिपोर्ट स्वीकार कर ली है और सचिवालय इस परिप्रेक्ष्य योजना को प्रथम चरण में कार्यान्वित करने के लिए इसके तरीके तैयार कर रहा है।

15. सदस्यता-उपरान्त अर्हता पाठ्यक्रम :

परिषद् द्वारा यथाअनुमोदित सदस्यता उपरान्त अर्हता परीक्षा के लिए ड्राफ्ट विनियमों को प्रधिनियम के अधीन अपेक्षा के अनुसार अनुमोदन के लिए सरकार को दिसम्बर 1990 में भेज दिया गया।

16. अधिनियम और विनियमों में संशोधन :

अधिनियम की धारा 7 में इंस्टीट्यूट के सदस्यों को कंपनी सचिव का जो कानूनी पदनाम दिय गया है, उसका प्रायः इस रूप में गलत अर्थ लगाया जाता है, जैसे कि वह कोर्पोरेट प्रबन्ध द्वारा किसी कंपनी का कर्मचारी सचिव है। इस बात को ध्यान में रखते हुए दस वर्ष से अधिक समय तक अधिनियम के लागू होने के बाद परिषद् को हुए अनुभव और वर्तमान विनियमों के अधीन अनुशासनिक मामलों की छानबीन में आने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए परिषद् ने अधिनियम और विनियमों में समुचित संशोधन के सुझाव के लिए एक विनियम समिति नियुक्त की है।

17. विद्यार्थी सेवाएं :

17.1 विद्यार्थियों का पंजीकरण :

रिपोर्टाधीन वर्ष में इंस्टीट्यूट द्वारा 12,161 विद्यार्थी पंजीकृत किए गए जबकि पिछले वर्ष 12,124 विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ था। इस वर्ष के अन्त में वर्तमान पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 50,860 थी, जिसमें विनियम 21(3) के अधीन बढ़ाए गए रजिस्ट्रेशन भी शामिल हैं।

पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या तथा जिन्होंने इण्टरमीडिएट और फाइनल परीक्षाएं उत्तीर्ण कर ली हैं, उनके बारे में आंकड़े इस रिपोर्ट के परिशिष्ट "ङ" में दिए गए हैं।

17.2 अध्ययन सामग्री को अद्यतन करना

इस वर्ष सभी प्रमुख विषयों की अध्ययन सामग्री को संशोधित करने का काम पूरा कर लिया गया। तीन पूरक पत्र, आर्थिक तथा अन्य विधान, कार्पोरेट कर प्रबन्ध और योजना, तथा 'अप्रत्यक्ष कराधान – विधि और प्रक्रिया' प्रकाशित किए गए जिन विषयों के परीक्षण पत्रों में संशोधन करना था, उन्हें संशोधित किया गया और उनके सुझाए गए उत्तर प्रकाशित किए गए।

17.3 हिन्दी में अध्ययन सामग्री

इण्टरमीडिएट पाठ्यक्रम के "कम्पनी ला एंड प्रेक्टिस-II की अध्ययन सामग्री का हिन्दी अनुवाद कर लिया गया है।

17.4 मार्ग दर्शी उत्तर तथा विषय-क्रम में प्रश्नों की तैयारी

विद्यार्थियों के लाभ के लिए दिसम्बर, 1990 और जून 1991 की परीक्षाओं के मार्गदर्शी उत्तर ग्रुप-क्रम में प्रकाशित किए गए हैं। इस वर्ष नए पाठ्य विवरण के अधीन होने वाली एण्टरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं के सभी विषयों पर विषय-क्रम के प्रश्न भी प्रकाशित कर दिए गए हैं।

17.5 शिक्षण

इस वर्ष पंजीकृत विद्यार्थियों को डाक द्वारा शिक्षण के लिए भरती किया गया। इस वर्ष कुल 11,279 शिक्षण समापन प्रमाण पत्र जारी किए गए और 1,06,624 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया और विद्यार्थियों को वापस भेजी गई।

17.6 मौखिक शिक्षण केन्द्रों की स्थापना

इस वर्ष बड़ौदा शाखा ने पहली बार एक मौखिक शिक्षण केन्द्र स्थापित किया। इस प्रकार समीक्षाधीन वर्ष में इंस्टीट्यूट द्वारा मान्यता प्राप्त 29 मौखिक शिक्षण केन्द्र चल रहे थे।

17.7 स्टुडेण्ट कम्पनी सेक्रेटरी

इंस्टीट्यूट कम्पनी सचिवीय पाठ्यक्रम का अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लाभ के लिए स्टुडेण्ट कम्पनी सेक्रेटरी बुलेटिन नियमित रूप से प्रकाशित करता है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नवीनतम विधि सम्बन्धी संशोधनों की जानकारी देते हुए उनके अध्ययन को अद्यतन बनाना और विद्यार्थी सेवाओं की प्रशासन तथा प्रेक्टिकल प्रशिक्षण आवश्यकताओं के सम्बन्ध में सूचना प्रवाह करना है।

17.8 आडियो टेपों पर लेक्चर

उद्योग (विकास तथा नियमन) अधिनियम तथा एम आर टी पी अधिनियम के अन्तर्गत अवरोधक व्यापार व्यवहार विषयों पर दो आडियो-टेप तैयार करने के अलावा निम्नलिखित चार और आडियो टेप तैयार की गई और रियायती दर पर विद्यार्थियों तथा सदस्यों को उपलब्ध कराई गई :—

(i) एम आर टी पी एक्ट 1969 के अधीन अनुचित व्यापारिक व्यवहार

(ii) विदेशी मुद्रा विनियम अधिनियम के कुछ महत्वपूर्ण पहलू

(iii) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम के अधीन मूल्य-निर्धारण

(iv) एम आर टी पी एक्ट के अधीन एकाधिकार का नियंत्रण तथा आर्थिक शक्ति के संकेन्द्रीकरण का निरोध

इन टेपों की प्रतिलिपि भी प्रकाशित कर दी गई है, जिसमें केसों के उद्धरण और संगत कानूनी प्रावधानों का उल्लेख भी किया गया है। विद्यार्थियों और सदस्यों से इन आडियो-व्याख्यानों के बारे में प्रत्युत्तर उत्साह वर्धक है।

17.9 पुस्तकालय सुविधाएं

समीक्षाधीन वर्ष में इंस्टीट्यूट के पुस्तकालय और शाखा पुस्तकालय सहायता योजना के अधीन 1,68,181 रुपए की पुस्तकें खरीदी गईं। अब सभी शाखाओं के पास अपने-अपने पुस्तकालय है। जहां शाखाएं नहीं है, परन्तु कम से कम 100 विद्यार्थी और 10 सदस्य है, वहां ऐसे स्थानों में आवश्यकताएं पूरी करने के लिए गुडगांव, अम्बाला और नासिक में 'अनुपगी पुस्तकालय' स्थापित किए गए हैं। एक पुस्तकालय योजना को दो चरणों में कार्यान्वित करने का विचार है। प्रथम चरण में केवल फाइनल स्तर के विद्यार्थियों को यह सुविधा दी जाएगी। इसके लिए आवश्यक तरीकों के स्वरूप को अन्तिम रूप दे दिया गया है और पुस्तकें पश्चिमी तथा दक्षिण भारत के क्षेत्रीय कार्यालयों को भेज दी गई हैं। दूसरे चरण में इण्टरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए पुस्तकें देने की सुविधा का कार्यान्वयन प्रथम चरण की कार्य पद्धति की जांच करने और इस योजना की व्यावहारिकता का मूल्यांकन करने के बाद ही किया जाएगा।

17.10 मुख्यालय का पुस्तकालय

इंस्टीट्यूट ने अनुसंधान और संदर्भ प्रयोजन के लिए अपने मुख्यालय में भी एक पुस्तकालय बनाया है।

18 कैरियर परामर्श कार्यक्रम :

इंस्टीट्यूट द्वारा इस वर्ष सीधे तथा अपनी क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं के जरिए कई कैरियर परामर्श कार्यक्रम आयोजित किए। कम्पनी सेक्रेटरीशिप पाठ्यक्रम के बारे में कैरियर परामर्श के लिए प्रदर्शनी-सामग्री, चार्टों, पोस्टरों, ब्रोशरों और ट्रांसपेरेंसियों का उपयोग में लाया गया जिससे कालेज के विद्यार्थियों में इस व्यावसायिक पाठ्यक्रम के प्रति जागरूकता पैदा हो। आकाशवाणी से प्रसारण के अलावा कई समाचार पत्रों और व्यावहारिक पत्रिकाओं में लेख और प्रबन्ध भी प्रकाशित किए गए। पाठ्यक्रम के बारे में आवश्यक सूचना देश भर में सभी विश्वविद्यालय रोजगार सूचना और मार्गदर्शी ब्यूरों को भी दी गई। कम्पनी सचिवों के व्यवसाय के बारे में दूरदराज तक के क्षेत्रों में और अधिक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से ये प्रयास किए गए।

19. परीक्षाएं

19.1 परीक्षाओं का आयोजन

समीक्षाधीन वर्ष में इंस्टीट्यूट ने जून और दिसम्बर, 1990 में सम्पूर्ण भारत में 41 केन्द्रों में तथा एक केन्द्र दुबई में कम्पनी सचिव की प्रीलीमनरी, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाएं आयोजित की। जून 1990 के सत्र में दो नए केन्द्र इलाहाबाद और भोपाल में आयोगिक आधार पर खोले गए। जून 1990 में, इंटरमीडिएट परीक्षा में 305 और फाइनल परीक्षा में 393 परीक्षार्थियों ने परीक्षा पास की जब कि दिसम्बर 1990 में ऐसे परीक्षार्थियों की संख्या क्रमशः 404 और 518 थी।

19.2 पुराने पाठ्यविवरण के अधीन परीक्षाओं की समाप्ति

पाठ्यक्रम (फाइनल) के अधीन दिसम्बर, 1990 में आखिरी परीक्षा रखी गई थी, जैसा कि पहले घोषणा की गई थी।

19.3 परीक्षाओं में हिन्दी माध्यम

कम्पनी सचिव परीक्षाओं में हिन्दी के प्रयोगी प्रयोग की नीति की परिषद् की वचनबद्धता के अनुसरण में इंस्टीट्यूट ने अपनी सभी परीक्षाओं के लिए हिन्दी के उपयोग को वैकल्पिक माध्यम के रूप में अनुमति दे दी है। एक और कदम आगे बढ़ाते हुए दिसम्बर, 1990 के लिए इण्टरमीडिएट परीक्षाओं के ग्रुप-1 के विषयों के प्रश्न पत्र हिन्दी में मुद्रित किए गए ; इसके अलावा प्रीलीमिनरी परीक्षा के प्रश्न पत्र हिंदी में मुद्रित करना जारी रखा गया।

19.4 जून और दिसम्बर, 1990 की परीक्षाओं में कितने परीक्षार्थी बैठे और उत्तीर्ण हुए, उनसे सम्बन्धित आंकड़े इस रिपोर्ट के परिशिष्ट "ब" में दिए गए हैं।

19.5 पाठ्य विवरण की समीक्षा

पाठ्य विवरण की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की गई है, क्योंकि इस पाठ्य विवरण के कुछ हिस्से आवश्यकता से अधिक बोझिल हो गए हैं तो दूसरी तरफ ऐसे कुछ हिस्से हैं, जिनमें कार्पोरेट सेक्टर के लिए महत्वपूर्ण अधिनियमों और हाल की घटनाओं को शामिल करने से लाभ हो सकता है।

19.6 अखिल भारतीय पुरस्कार

जून और दिसम्बर 1990 में हुई फाइनल परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रेजीडेण्ट स्वर्ण मैडल पश्चिमी क्षेत्र के श्री पी. रंगानाथन और दक्षिणी क्षेत्र के श्री एन. श्रीनिवासन ने जीते। पं. नेहरू जन्म शताब्दी का वार्षिक पुरस्कार पश्चिम क्षेत्र के श्री सोना कौशिक चन्द्रहास ने प्राप्त किया। जून तथा दिसम्बर 1990 में हुई इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में प्रतिभाशाली प्रदर्शन के लिए प्रेजीडेण्ट रजत मैडल क्रमशः उत्तरी क्षेत्र के श्री मनोज जैन और दक्षिणी क्षेत्र के एस. वासुदेवन ने जीते। ये अखिल भारतीय पुरस्कार 11 अप्रैल 1991 को नई दिल्ली में आयोजित कम्पनी सचिवों के 19वें राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत सरकार के औद्योगिक विकास तथा कम्पनी कार्य विभाग के सचिव श्री सुरेश माथुर (मुख्य अतिथि) ने वितरित किए।

19.7 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता

वर्तमान योग्यता (मेरिट) छात्रवृत्ति योजना के अनुसार जून 1990 की परीक्षाओं में योग्य पाए गए प्रथम नौ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को और दिसम्बर 1990 की परीक्षाओं के लिए दस विद्यार्थियों को सराहनीय रूप से परीक्षाएं उत्तीर्ण करने के लिए छात्रवृत्तियां दी गई। इसी प्रकार-योग्यता-व-वित्तीय सहायता योजना के अन्तर्गत इंस्टीट्यूट ने क्रमशः दिसम्बर 1989 तथा जून 1990 की परीक्षाओं में योग्य पाए परीक्षार्थियों को वित्तीय सहायता मंजूर की।

19.8 योग्यता प्रमाण पत्र

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की योग्यता को मान्यता प्रदान करने और उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए जून तथा दिसम्बर 1990 में हुई इण्टरमीडिएट तथा फाइनल परीक्षाओं में प्रथम दस रैंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए।

20. प्रबन्ध/प्रेक्टिकल/प्रशिक्षु प्रशिक्षण

20.1 सूचीकरण

समीक्षाधीन वर्ष में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मान्यता प्राप्त कम्पनियों की संख्या इस प्रकार थी :

क्षेत्र	प्रबन्ध प्रशिक्षण	प्रेक्टिकल प्रशिक्षण
पूर्व	5	8
उत्तर	38	45
दक्षिण	20	21
पश्चिम	25	33
कुल	88	107

इस वर्ष ने पूर्णकालिक प्रेक्टिस कर रहे 15 कम्पनी सचिवों को प्रशिक्षु प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत किया गया। प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए वर्ज की गई कम्पनियों और कम्पनी सचिवों की कुल संख्या तथा विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रायोजित विद्यार्थियों की संख्या इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'छ' में दी गई है।

20.2 प्रशिक्षण को मानीटर करना और मजबूत बनाना

इस वर्ष मुख्यालय और क्षेत्रीय परिषदों/शाखाओं ने प्रबंध/प्रेक्टिकल प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत कम्पनियों को बढ़ाने के लिए प्रयास जारी रखा। विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण और प्रशिक्षण के उद्देश्यों और आवश्यकताओं से विद्यार्थियों को परिचित कराने को ध्यान में रखते हुए इंस्टीट्यूट ने "ए गाइड टू ट्रेनीज" नाम की एक ब्यौरेवार पुस्तिका प्रकाशन के लिए तैयार की है। इसके अलावा और सदस्यों को प्रशिक्षण गाइडों के रूप में कार्य करने के लिए सूचीबद्ध करने का प्रयास किया है, जो विद्यार्थियों के प्रशिक्षण को देखभाल कर सकें और नियमित अन्तराल पर आवश्यक मार्गनिर्देश प्रदान कर सकें।

20.3 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम

इस वर्ष के दौरान 21 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें से चार-चार दक्षिण भारत क्षेत्रीय परिषद, उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद और पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद ने आयोजित किए। पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद ने दो कार्यक्रम आयोजित किए। मुख्यालय, अहमदाबाद, पुणे, जयपुर, चण्डीगढ़, हैदराबाद और बंगलौर शाखाओं ने एक-एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिनमें 632 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस वर्ष के दौरान सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम के चार माड्यूलों/पाठ्यक्रमों की सामग्री संशोधित और पुनर्मुद्रित की गई, इसमें विभिन्न विधायी परिवर्तनों और पहले के कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों से प्राप्त सामग्री का समावेश किया गया। केस अध्ययन समूह-चर्चा और श्रव्य-दृश्य साधनों के उपयोग पर और अधिक बल दिया गया।

21. लेखे

21.1 आय और व्यय लेखा

इस वर्ष के आय और व्यय लेखे के वित्तीय परिणाम देखने से पता चलता है कि इस वर्ष 8.16 लाख रुपए का अधिशेष रहा जबकि पिछले वर्ष यह अधिशेष 6.83 लाख रुपए था। अधिशेष में वृद्धि मुख्य रूप से जुलाई, 1990 से विद्यार्थी शुल्क में संशोधन करने के कारण हुई है।

21.2 शुल्क का पूंजीकरण

वर्तमान प्रचलित पद्धति के अनुसार एसोसिएट और फैलो सदस्यों से प्राप्त 2.20 लाख रुपए के प्रवेश शुल्क को पूंजीकृत कर दिया है। वर्ष के अंत में पूंजीकृत रिजर्व राशि 24.58 लाख रु. थी।

21.3 भवन रिजर्व

वर्तमान पद्धति के अनुसार भवन निर्माण के लिए सावधि जमाराशि पर अर्जित ब्याज के कारण 1.41 लाख रुपए की राशि को सीधे भवन रिजर्व निधि में विनियोजित कर दिया है। आई सी एस आई-एन आई आर सी के भवन के निर्माण और शाखाओं के लिए 15.48 लाख रुपए की आंशिक लागत की पूंजीगत अदायगी को भवन रिजर्व से सामान्य रिजर्व खाते में अंतरित कर दिया है। पिछले वर्ष के कुल 23.53 लाख रुपए की तुलना में भवन रिजर्व की कुल राशि 9.76 लाख रुपए है।

21.4 सामान्य रिजर्व

पिछले वर्ष जो सामान्य रिजर्व की कुल राशि 180.29 लाख रुपए थी, वह राशि बढ़कर 203.48 लाख रुपए हो गई है। इस राशि में रिपोर्टाधीन वर्ष के लिए व्यय से अधिक आय का 8.16 लाख रुपए का अधिशेष शामिल है।

22. लेखापरीक्षक :

कम्पनी सचिव अधिनियम की धारा 18(4) के अनुसरण में मैसर्स खन्ना अग्रवाल, चार्टर्ड अकाउण्टेंटस, नई दिल्ली को 31 मार्च 1991 को समाप्त वर्ष के लेखा की लेखा-परीक्षा के लिए लेखा-परीक्षक नियुक्त किया गया। लेखा-विवरण के साथ-साथ लेखापरीक्षक की रिपोर्ट यहां प्रकाशित की गई है। परिषद मैसर्स डी. के. सेनगुप्ता एंड कं., चार्टर्ड एकाउण्टेंट्स द्वारा की गई सेवाओं की सराहना करती है; वे इंस्टीट्यूट के लेखापरीक्षक के रूप में 1968 में सबसे पहले इंस्टीट्यूट की शुरूआत की तारीख से लेकर 31 मार्च, 1990 तक इंस्टीट्यूट से सम्बद्ध रहे।

23. भूमि और भवन

23.1 आई सी एस आई —उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद का भवन

प्रसाद नगर इंस्टीट्यूशनल एरिया, करोल बाग, नई दिल्ली में आई सी एस आई—एन आई आर सी का नक्शा दिल्ली विकास प्राधिकरण ने मंजूर कर दिया है और सितम्बर 1989 में इसके निर्माण का ठेका दे दिया गया। यह परियोजना दिसम्बर 1992 तक पूरी होने की सम्भावना है।

23.2 जयपुर शाखा के लिए भवन

जयपुर शाखा जिसे 1579.35 वर्ग मीटर का प्लाट अलाट हुआ है, उसने जून 1990 में इसके प्रथम चरण के कार्यालय निर्माण का काम सितम्बर, 1991 तक उद्घाटन के लिए बन कर तैयार हो जाएगा; इस पर 8 लाख रुपए की लागत आने का अनुमान है।

23.3 पुणे शाखा कार्यालय परिसर

पुणे शाखा 1200 वर्गफुट का कार्यालय स्थल ले रहा है, जिस पर 7.80 लाख रुपए की लागत आने का अनुमान है।

23.4 गाजियाबाद शाखा कार्यालय परिसर

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने गाजियाबाद शाखा को स्ववित्तीय योजना के अधीन एक एम आई जी फ्लैट अलाट किया है, जिसका निर्मित क्षेत्रफल 119.94 वर्गमीटर है। इस पर 5.47 लाख रुपए लागत का अनुमान है और फ्लैट निर्माणाधीन है।

23.5 गोवा शाखा कार्यालय परिसर

गोवा शाखा भी 4.76 लाख रुपए की अनुमानित लागत से 83.22 वर्गमीटर का कार्यालय स्थल ले रही है।

23.6 इंस्टीट्यूट द्वारा पूंजी अनुदान और ऋण

इंस्टीट्यूट की निधि सीमित है, इसमें से परिषद ने उन क्षेत्रीय परिषदें शाखाओं को 41.65 लाख रुपए का पूंजीगत अनुदान तथा 19.20 लाख रुपए का ऋण दिया जो 91.50 लाख रुपए की लागत से कार्यालय स्थल ले चुके हैं या लेने की प्रक्रिया में जुटे हैं। शाखाओं ने अपनी भवन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए शेष साधनों को जुटाने के लिए खुद व्यवस्था की है है या कर रही है। इन शाखाओं द्वारा अपने कार्यालय स्थल प्राप्त करने के बारे में जो प्रयास किए हैं, परिषद उनकी सराहना करती है। इन शाखाओं को कार्यालय स्थलों की समुचित साज-सज्जा और देखरेख के लिए तथा अपने स्थानीय सदस्यों और विद्यार्थियों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए आधुनिक कार्यालय उपस्कर प्राप्त करने के लिए भी अतिरिक्त साधन जुटाने होंगे।

24. कम्पनी सचिव हितकारी निधि

1976 में परिषद द्वारा सोसाइटी के रूप में पंजीकृत की गई कम्पनी सचिव हितकारी निधि के अब 31 मार्च 1991 को 1097 आजीवन सदस्य हैं। निधि के उपनियमों में किए गए संशोधन के अनुसार 1 सितम्बर 1989 से इसकी साधारण सदस्यता समाप्त कर दी गई है और आजीवन सदस्यता शुल्क में संशोधन कर इसे 500 रुपए कर दिया गया है। निधि में पूंजीगत रिजर्व, सामान्य रिजर्व और अधिशेष की राशि 31 मार्च 1991 को क्रमशः 4.53 लाख रुपए और 3.24 लाख रुपए है।

25. कर्मचारी कल्याण उपाय

आई सी एस आई एम्पलाइज क्लब को 1973 में कल्याण के एक उपाय के रूप में बनाया गया था, जिसे इसकी गतिविधियों के लिए परिषद से वित्तीय सहायता दी गई। इस वर्ष के दौरान कर्मचारियों को स्कूटर खरीदने, मकान निर्माण आदि के लिए 5.60 लाख रुपए की पेशगियां मंजूर की गई। कर्मचारियों को उनकी सहकारी बचत तथा ऋण सोसाइटी और सहकारी ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी में सहायता करने के अलावा परिषद ने आई सी एस आई कर्मचारी कल्याण निधि के संवर्धन में भी सहायता की, जिसके लिए पिछले पांच वर्षों में हुए वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलनों की अधिशेष राशि से 10,000 रुपए का वार्षिक अनुदान दिया।

26. आभार

परिषद केन्द्रीय सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों, विशेष रूप से कम्पनी कार्य विभाग के प्रति उनके द्वारा संरक्षण, व्यवसाय को मार्गदर्शन प्रदान करने और इंस्टीट्यूट की गतिविधियों में अपना समर्थन देने के लिए आभार प्रगट करती है। क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं ने अपने-अपने क्षेत्र में व्यवसाय के विकास में परिषद के प्रयासों में पर्याप्त सहायता दी है। राज्य सरकारों, वित्तीय और औद्योगिक तथा निवेशक संस्थानों, सामान्य रूप से निगम क्षेत्र और देश के विभिन्न चैम्बर्स आफ कामर्स ने लगातार इंस्टीट्यूट के सदस्यों की सेवाएं लेने में अपनी रुचि बढ़ाई है और उन्होंने निगम विधि, प्रबंध तथा सम्बद्ध क्षेत्रों में इनकी विशेषज्ञता को मान्यता प्रदान की है। परिषदें सचिव और कार्यकारी निदेशक तथा उनके सचिवालय की अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति अपनी गहन सराहना प्रस्तुत करती है, जिन्होंने इस रिपोर्टाधीन वर्ष में परिषद के निर्णयों को कार्यान्वित करने के लिए बड़ी निष्ठा से और कर्तव्य की भावना से काम किया।

कृते इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सेक्रेटरीज आफ इंडिया की परिषद,

एन. जे. एन. बजीफदार, अध्यक्ष

नई दिल्ली

तारीख : 11 अगस्त 1991

परिशिष्ट "क"

स्थायी और अस्थायी समितियां
तथा सलाहकार ग्रुप

I स्थायी समितियां

1. अनुशासन समिति

एन. जे. एन. बजीफदार, प्रेजीडेंट	अध्यक्ष
वी. पी. गुप्ता (सरकारी नामिती)	सदस्य
टी. वी. पद्मनाभन	सदस्य

2. परीक्षा समिति

डी. के. प्रहलाद राव	अध्यक्ष
ओ. पी. दानी	सदस्य
ए. एन. नवारे	सदस्य

3. कार्यकारी समिति

एन. जे. एन. बजीफदार	अध्यक्ष
डी. के. प्रहलाद राव	सदस्य
बी.पी. गुप्ता	सदस्य
डी. सी. जैन	सदस्य
श्यामल सेन	सदस्य

II अस्थायी समितियां

4. समन्वय समिति (आई.सी.ए. आई. तथा आई. सी. डब्ल्यू. ए. आई. के साथ समन्वय के लिए)

एन. जे. एन. बजीफदार	अध्यक्ष
डी के. प्रहलाद राव	सदस्य
ओ. पी. वानी	सदस्य
बी. पी. धनुका	सदस्य
डी आर. मलिक	सदस्य

5 व्यावसायिक शिक्षण समिति

एन. जे. एन बजीफदार	अध्यक्ष
बिपिन एस. आचार्य	सदस्य
बी पी. धनुका	सदस्य
एस. डी. इसरानी	सदस्य
टी. बी. पद्मनाभन	सदस्य
वी. के पोद्दार	सदस्य
पी टी रंगामणि	सदस्य
हरीश के. बैद	सदस्य

6. प्रशिक्षण तथा शिक्षा सुविधा समिति

डी के. प्रहलाद राव	अध्यक्ष
बिपिन एस. आचार्य	सदस्य
ओ. पी. वानी	सदस्य
बी. पी. धनुका	सदस्य
ए. एन. नवारे	सदस्य
पी. टी. रंगामणि	सदस्य

7. विनियमन समिति

एन. जे. एन. बजीफदार	अध्यक्ष
डी. के. प्रहलाद राव	सदस्य
ओ. पी. वानी	सदस्य
टी. बी. पद्मनाभन	सदस्य
वी. के. पोद्दार	सदस्य
श्यामल सेन	सदस्य

8 पाठ्यक्रम समीक्षा समिति

श्यामल सेन	अध्यक्ष
एस. डी इसरानी	सदस्य
पी. टी रंगामणि	सदस्य
हरीश के बैद	सदस्य

9 आई सी एस आई उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद की भवन समिति

वी. के. पोद्दार	अध्यक्ष
परमजीत सिंह	उपाध्यक्ष
के सी बहेती	सदस्य
ओ.पी. वानी	सदस्य
एस. एस. ओबेरॉय	सदस्य
डी. सी जैन	सदस्य
एन. के. जैन	सदस्य
टी पी. मुथ्थारमन	सदस्य
संजय ओबेरॉय	सदस्य
सुनील गोयल	सदस्य
हरीश के बैद	सदस्य
वीरेन्द्र गांधी	सदस्य

III. परामर्शी बोर्ड/ग्रुप

10 कंपनी सचिवीय प्रेक्टिस मैनुएल के लिए सलाहकार ग्रुप

एन जे. एन बजीफदार	अध्यक्ष
आर. रामचन्द्रन	सदस्य
सी आर शाह	सदस्य

11 संपादकीय सलाहकार बोर्ड

टी एन पाण्डे	अध्यक्ष
बी. भवानी शंकर	सदस्य
गणेश गोस्वामी	सदस्य
डी. सी. जैन	सदस्य
टी बी. नारायणस्वामी	सदस्य
आर. के. पाण्डे	सदस्य
टी. पी. मुथ्थारमन (संपादक व प्रकाशक)	सदस्य
बी. बी. टण्डन	सदस्य

12. विशेषज्ञ सलाहकार ग्रुप

जस्टिस पी. एन. भगवती (अवकाश प्राप्त)	अध्यक्ष
आर. एन बंसल	सदस्य
प्रदीप भल्ला	सदस्य
पी पी. गोयल	सदस्य
एस. एस. कुमार	सदस्य
एस आर. लूथरा	सदस्य
टी. बी. नारायण स्वामी	सदस्य

परिशिष्ट 'ख'

क्षेत्रीय परिषदों की वित्तीय स्थिति और विद्यार्थियों तथा सदस्यों की संख्या

31 मार्च, 1991 को समाप्त वर्ष की चार क्षेत्रीय परिषदों की रिपोर्टों के अनुसार तुलनात्मक वित्तीय स्थिति तथा विद्यार्थियों और सदस्यों की संख्या इस प्रकार है।

मद	क्षेत्रीय परिषदें			
	पूर्वी भारत क्षे.प.	उत्तरी भारत क्षे.प.	दक्षिणी भारत क्षे.प.	पश्चिमी भारत क्षे.प.
(क) वित्तीय स्थिति (रुपयों में)				
वर्ष 31-3-91 के अन्त में अधिशेष . .	72,755	46,531	92,205	2,29,089
31-3-91 को रिजर्व और अधिशेष . .	5,70,730	7,83,778	8,12,417	3,48,658
(ख) विद्यार्थियों और सदस्यों की संख्या :				
विद्यार्थी :				
31-3-1990 को . . .	9,746	14,860	14,270	12,954
31-3-1991 को . . .	9,903	14,250	13,962	12,696
सदस्य:				
31-3-1990 को . . .	1,076	1,727	1,818	2,636
31-3-1991 को . . .	1,134	1,878	1,998	2,813

परिशिष्ट 'ग'

भाग-I—सदस्यों सम्बन्धी आंकड़ों की तालिका

भाग I—सदस्यों में वृद्धि

	वर्ष	कुल संख्या			पिछले वर्ष की तुलना में वार्षिक वृद्धि	
		एसोसिएट सदस्य	फैलो सदस्य	कुल (1+2)	सकल	प्रतिशत
		1	2	3	4	5
क	1985-86 . .	4405(78.59)	1200(21 41)	5605(100)	353	6.72
	1986-87 . .	4648(78.25)	1292(21.75)	5940(100)	335	5.98
	1987-88 . .	4947(78.09)	1388(21.91)	6335(100)	395	6.65
	1988-89 . .	5179(77.66)	1490(22.34)	6669(100)	334	5.27
	1989-90 . .	5647(77.95)	1600(22.05)	7257(100)	588	8.81
	1990-91 . .	6095(77.91)	1728(22.09)	7823(100)	566	7.79
ख	1985-86 से 1990-91 तक सकल परिवर्तन . .	1690(76.20)	528(23.80)	2218(100)	—	—
ग	1985-86 से 1990-91 तक प्रतिशत परिवर्तन . .	38.36	44.00	39.57	—	—
घ	औसत वार्षिक वृद्धि दर प्रतिशत	7.67	8.80	7.91	—	—
ङ	संयोजित वार्षिक दर प्रतिशत .	6.71	7.59	6.90	—	—

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े प्रतिशत में है।

परिशिष्ट 'ग'

सम्बन्धी तालिका

भाग I—सदस्यों में वृद्धि

	वर्ष	रजिस्टर में से निकाले गए			कुल सदस्यों में से निकाले सदस्यों का प्रतिशत	प्रेक्टिस प्रमाण पत्र धारकों की संख्या	कुल सदस्यों में से प्रेक्टिस प्रमाण पत्र धारकों का प्रतिशत
		भुगतान न करने के कारण	मृत्यु के कारण	कुल (6+7)			
	0	6	7	8	9	10	11
क	1985-86 . .	98(92.45)	8 (7.55)	106(100)	1.89	749	13.36
	1986-87 . .	68(82.92)	14(17.08)	82(100)	1.38	879	14.80
	1987-88 . .	76(86.36)	12(13.64)	88(100)	1.39	1065	16.81
	1988-89 . .	196(92.02)	17(7.98)	213(100)	3.19	1192	17.87
	1989-90 . .	100(91.74)	09(8.26)	109(100)	1.50	1225	16.88
	1990-91 . .	116(89.92)	13(10.08)	129(100)	1.64	1188	15.19

23
21.69
4.33
4.00

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए आंकड़े प्रतिशत में हैं।

परिशिष्ट 'ग'

भाग -I—प्रेक्टिस प्रमाणपत्र धारी सदस्यों में वृद्धि

	वर्ष	वर्ष के दौरान				31 मार्च को कुल प्रेक्टिस प्रमाणपत्र धारी सदस्यों की संख्या
		जारी	नवीकरण	रद्द	निवल वृद्धि	
	1	2	3	4	5	6
